# तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु हेतु ऑपरेशन मेन्टेनेन्श की व्यवस्था

जनपद फर्रूखाबाद की समस्त ग्राम पंचायतों में गत वर्षों से तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्ययोजना तैयार कर नियमानुसार अनुमोदन प्राप्त करते हुये कार्य कराया जा चुका है/कराया जा रहा है। तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में सोकपिट, लीचपिट, वेटलेण्ड, डब्लू0एस0पी0, फिल्टर चेम्बर, सिल्ट केचर व नाली आदि कार्यों का सामुदायिक स्तर पर निर्माण कराया गया है। उक्त गतिविधियों में समय–समय पर साफ–सफाई एवं देख रेख की आवश्यकता होती है। जिसे ग्राम पंचायत में उपलब्ध टाईड फण्ड की सहायता से रेट्रोफिटिंग किया जाता है एवं ग्राम पंचायत में नामित सफाई कर्मचारी द्वारा नियमित साफ–सफाई करायी जाती है।